**LITTLE FLOWER SCHOOL, RAPTI NAGAR, GORAKHPUR**
**FIRST SEMESTER EXAMINATION 2020-2021**

**Class: III** | **Time: 2 Hours**
**Hindi II** | **Max Marks: 100**

**प्र० 1 दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए –** **(10)**

1) जवाब 2) मूर्ख 3) गुप्तचर 4) पीर 5) परिणाम
6) सदा 7) प्रजा 8) उपयोग 9) भूल 10) भाव

**प्र० 2 एक शब्द में उत्तर दीजिए (कोई आठ)** **(2×8=16)**

1 ) भारत की राजधानी क्या है ?
2 ) प्रेमचंद के किसी एक उपन्यास का नाम लिखिए ।
3 ) पॉलीथिन किस से बना होता है ?
4 ) वेद कितने हैं ?
5 ) धन की देवी किसे कहते हैं ?
6 ) हवा से फैलने वाले प्रदूषण को क्या कहते हैं ?
7 ) विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है ?
8 ) अकबर के दरबार में कितने रत्न थे ?
9 ) भारत कब आजाद हुआ ?
10 ) भारतीय ध्वज में कितने रंग होते हैं ?

**प्र० 3 किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **(4×5=20)**

1 ) किताब में क्या भरा होता है ?
2 ) ब्राह्मण किस प्रकृति का व्यक्ति था ?
3 ) पारस पत्थर का क्या गुण था ?
4 ) प्लास्टिक की सबसे बड़ी कमी क्या है ?
5 ) झोपड़ी का सौदा कितने रूपए में पक्का हुआ ?
6 ) राजा को हमेशा किस बात की चिंता रहती थी ?
7 ) हमारी मुट्ठी में क्या बंद है ?

**प्र० 4 संदर्भ ,प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए । ( कोई एक )** **(10)**

क ) अपने नन्हे हाथों से ,
हम गढ़ते हैं अपनी तकदीर।
बंद हमारी मुट्ठी में है,
अपने जीवन की तस्वीर ।।

अथवा

ख ) राष्ट्र नवीन बना सकते हैं,
मानव नया बना सकते हैं ।
हम न रूकेंगे , सदा बढ़ेंगे ,
तोड़ बंधनों की जंजीरें ।।

**प्र० 5 " मैं हूँ किताब " शीर्षक नामक कविता की 10 पंक्तियाँ लिखिए ।** **(10)**

प्र० 6 सही उत्तर लिखिए– (20)

1 ) किसने–किससे कहा (10)

क ) " तुम क्यों रो रही हो ? तुम्हें क्या कष्ट है ? "

ख ) " मुझ पर दया कीजिए ,कम से कम एक दिन मुझे और दे दीजिए । "

ग ) " घर में न तो खाने के लिए रोटी है और न इनके इलाज के लिए पैसे । "

घ ) " तू है तो बड़ा आलसी ,परंतु सेवाभाव बहुत है तुझ में । "

ड॰ ) " बाबा ,क्या अपना यह घर मुझे बेचोगे ? मैं एक हजार रुपए दूंगा। "

2 ) खाली जगह भरिए – (5)

क ) राजा और ––––––––– ने झोपड़ी में प्रवेश किया ।

ख ) मैं तेरी सेवा से बहुत –––––– हूं ।

ग ) उसने थोड़ा–सा ही ––––––बनाया ।

घ ) प्लास्टिक पॉलीथीन प्राकृतिक रूप से –––––––नहीं होती ।

ड॰ ) यह सुनकर उस लालची व्यक्ति ने अपना ––––––– पटक लिया ।

3 ) विलोम शब्द लिखिए– (5)

1 ) नवीन

2 ) अच्छा

3 ) बंद

4 ) अपनी

5 ) जीवन

7 उत्तर लिखिए – (14)

1 ) विशेषण और विशेष्य अलग–अलग लिखिए – (4)

क ) आम आदमी

ख ) सस्ता सामान

ग ) विकराल राक्षस

घ ) स्वच्छ पर्यावरण

2 ) शब्दों को जोड़कर नए शब्द बनाए – (4)

क ) बल् + वान

ख ) जग् + जननी

ग ) बल् + शाली

घ ) जग् + जीवन

3 ) शब्द – समूहों के लिए एक शब्द लिखिए – (3)

क ) जो बहुत पढ़ा–लिखा हो

ख ) जिसमें बहुत बल हो

ग ) जो गाना गाता हो

4 ) दो – दो समानार्थी शब्द लिखिए – (3)

क ) वीर

ख ) मानव

ग ) पीर